Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Singh Ch. Lal

>

Title: Regarding heavy rain and snowfall in northern regions of the country.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : सभापति महोदय, आप जानते ही होंगे कि इस समय हमारे राज्य जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। इस कारण माता वैणो देवी की यात्रा जाते समय पांच लोगों मारे गए हैं, तीर्थयात्रियों के साथ एक घोड़े वाला भी मारा गया है। इसके साथ एक कश्मीर में और एक हमारे कहारा में मारा गया। मेरे कहने का मकसद यह है कि इस समय हमारी टोटल कनेक्टिवटी लोकल रोड तो बंद हैं ही, साथ में नेशनल हाईवे भी बंद है। पैंथल में हमारा नेशनल हाईवे बंद है। कश्मीर की कनेक्टिविटी बंद हो चुकी है। पिछले बार जब रास्ते बंद हुए तो भारत सरकार ने बहुत मेहरबानी की, डिफेंस मिनिस्टरी ने वहां कुछ चापर लगाए, जिसकी वजह से राशन पहुंचा। मेरा सुझाव है कि मेहरबानी करके जहां भी कनेक्टिविटी रुकी है, खासकर नेशनल हाईवे पैंथर पर चापर लगाए जाएं, क्योंकि करीब एक हजार यात्री वहां रुके हुए हैं और तीन दिन हो चुके हैं और खुराक खत्म हो चुकी है। इससे हालात और खराब हो जाएंगे। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मंत्रालय इस तरफ गंभीरता से ध्यान दे। इसके साथ फसलों का जो नुकसान हुआ है, उस तरफ भी ध्यान दिया जाए। जो घर तबाह हुए हैं, उन्हें भी ध्यान में रखा जाए।